Regarding Double Lane Flyover or an Underground Bypass at Railway Gate Nos. 111A, 120E and 104T in Berhampur Constituency

श्री यूसुफ पठान (बहरामपुर) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक आवश्यक मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मेरे लोक सभा क्षेत्र के निम्नलिखित रेलवे गेटों पर डबल लेन फ्लाईओवर या अंडरग्राउंड बाईपास के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है । पहला गेट -111 ए रेल गेट है, जो बेलडांगा-नौदा राज्य राजमार्ग के पंचराहा मोड़ पर हैं । दूसरा, 120 ई रेल गेट, बेलडांगा-भबता एनएच-34 के भबता बेलडांगा- । ब्लॉक पर हैं । तीसरा, गेट -104 टी रेल गेट, रेजिनगर-नदिया राजमार्ग के रेजिनगर, बेलडांगा- ।। ब्लॉक पर है ।

सभापति महोदया, ये सभी गेट्स सियालदह-लालगोला लाइन पर स्थित हैं और बार-बार ट्रेन गुजरने के कारण यातयात में समस्याएं पैदा करते हैं । इन रेल गेट्स पर भीड़-भाड़ के कारण आपातकालीन सेवाओं में देरी होती है, जिससे जान और संपत्ति का नुकसान होता है । कई गंभीर बीमार लोगों ने इन गेट्स पर फंसने के कारण रास्ते में ही दम तोड़ दिया और उन्हें सही वक्त पर हॉस्पिटल भी नहीं पहुंचाया जा सका । कुछ दिन पहले एक मकान में आग लगने के कारण पूरा घर जलकर राख हो गया, क्योंकि रेल गेट बंद होने के कारण फायर ब्रिगेड को उस मकान तक नहीं पहुंचा सके । इन समस्याओं को देखते हुए मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इन रेलवे गेट्स पर डबल लेन फ्लाईओवर अथवा अंडरग्राउंड बाईपास के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए । इस उद्देश्य के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत की जाए, जिससे इस समस्या का पूर्ण रूप से समाधान किया जा सके ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के कल के शून्य काल में नाम थे, मैं उनको बुलवाने की कोशिश करूंगी । आप सभी से निवेदन है कि आप अपनी बात एक मिनट में रखने की कोशिश करें ।

? (व्यवधान)